भागलपुर नेशनल कॉलेज, भागलपुर

(तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर की अंगीभूत इकाई)

पत्रांक .... दिनांक.......................

दिनांक 23.07.2019 को महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति के द्वारा दूरदर्शन के सीधे प्रसारण मे व्यक्त विचार का सारांश।

आज दिनांक 23 जुलाई 2019 11:00 बजे महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति ने दूरदर्शन के माध्यम से अपने कार्यकाल मे उच्चशिक्षा से संबधित कार्यो पर अपने विचार व्यक्त किये ।

राजभवन के द्वारा विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों को दियें गये निर्देश पर किये गये प्रयास के फलस्वरूप निम्नलिखित बदलाव देखें गये.।

1. विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों मे छात्र–छात्राओं की संख्याओं मे बढोतरी पाया गया।

2. उच्यशिक्षा में पहली बार डिजीटलाईजेशन के अंतर्गत स्मार्ट क्लासेस की व्यवस्था की गयी ।

3. प्रथम बार दीक्षांत समारोह में विशेष परिधान लागू कर प्रचलित परिधान का परित्याग किया गया।

4.प्रथम बार विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में शौचालय पुस्तकालय प्रयोगशालाओं का स्तरोन्नयन सुनिश्चित किया गया।

5. छात्र–छात्राओं के चहुमुखी विकास हेतु शैक्षणिक पर्यावरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

6. प्रर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य की प्राप्ति हेतु विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में भारी मात्रा में वृक्षारोपण कर प्रथम बार वनोत्सव मनाने का आदेश हुआ।

7. महाविद्यालयों में नैक मूल्यांकन हेतू विशेष आदेश किया गया।

8. विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों मे वेतन भुगतान नियमित होने के लिये ट्रेजरी के माध्यम सें आदेश दिया गया।

9. राजभवन में प्रथम बार संविधान दिवस के साथ अन्य विशेष कार्यकमों का आयोजन किया गया जिसमें शहीदों की महिलाओ, सम्मिलित कलाकारों एवं दिव्यांगों को सम्मानित धनराशि देकर उन्हें विशेष सम्मान दिया गया।

10. प्रथम बार राजभवन में हरित परिसर का निर्माण किया गया तथा फलदार वृक्ष एवं उपयोगी औषधियों की प्रदर्शनी लगाई गयी।

महामहिम द्वारा उच्चशिक्षा मे दिया गया योगदान एवं मार्गदर्शन सराहनीय है। इससें उच्चशिक्षा सें जुडे समस्त शिक्षकगणों/ कर्मचारीगणों में अपने कार्य के प्रति जिम्मेदारी की भावना जागी। इसकें साथ ही विधार्थियों मे ऊर्जा का संचार हुआ, जो उनके भविष्य निर्माण में सहायक होगा।

प्रधानाचार्य

Principal
B. N. COLLEGE
BHAGALPUR

प्रो0 अशोक कुमार ठाकुर

भागलपुर नेशनल कॉलेज भागलपुर